समाचार

महापौर ने किया फोरलेन निर्माण कार्य का निरीक्षण

(कार्यो में तेजी लाकर कार्य को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश)

कोरबा 10 दिसम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज सी.एस.ई.बी.चौक से मेजर ध्यानचंद चौक तक बनाए जा रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने कार्यो में तेजी लाने, कार्य के दौरान सुरक्षा इतजामों को पुख्ता रखने तथा कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए।

नगर पालिक कोरबा द्वारा दर्री मुख्य मार्ग पर सी.एस.ई.बी.चौक से मेजर ध्यानचंद चौक तक निर्मित कराए जा रहे फोरलेन सड़क के निर्माण कार्य का आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा निरीक्षण किया गया। उक्त फोरलेन सड़क का लगभग 60 से 65 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है, शेष पर कार्य प्रगति पर है। उक्त सड़क में मानसनगर बस्ती के सामने एक बड़े कलवर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान फोरलेन सड़क के शेष बचे स्थानों में किए जा रहे कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, कलवर्ट निर्माण की कार्यप्रगति को देखा तथा कलवर्ट हेतु स्थल पर की गई खोदाई के चारो ओर सेफ्टी रिबन बांधने, आवश्यक संकेतक व रेडियम पोल लगाने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए, ताकि रात्रि के समय भी आवागमन करने वालों को यह पता चले की कार्यप्रगति पर है तथा दुर्घटना आदि की संभावना न रहे। कलवर्ट निर्माण हेतु खोदे गए गड्ढे के किनारे सड़क निर्माण हेतु की गई मिट्टी फिलिंग गड्ढे में धसके, इसके लिए उन्होने सोरिंग करने के निर्देश दिए ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न बने। उन्होने निर्माणाधीन कलवर्ट स्थल पर कार्य करने वाले श्रमिकों को हेलमेट सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने को कहा। उन्होने कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, कार्यो में आवश्यक तेजी लाने व शेष बचे कार्यो को समय पर पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए। फोरलेन निर्माण हेतु सड़क की खुदाई करते वक्त पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसका मरम्मत किया जा रहा था, महापौर श्री प्रसाद ने पाईप लाईन कार्य का अवलोकन किया तथा

उन्होने विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क निर्माण के दौरान वाटर सप्लाई के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने की संभावनाएं न बने एवं जलापूर्ति बाधित न हों।

भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद धनसाय साहू, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियतां ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता राकेश मसीह, राहूल मिश्रा, रमेश सूर्यवंशी आदि के साथ निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।